# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को मिलेगा पांच लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की योजना की शुरूआत।
- सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती पर पूरे प्रदेश में आयोजित हुए कार्यक्रम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में रन फॉर यूनिटी को दिखाई हरी झंडी।
- मुख्यमंत्री ने दिये तीस नवम्बर तक महाकुंभ की तैयारियां पूरी कर लेने के निर्देश।
- प्रदेश में विधानसभा उप चुनाव के लिये नाम वापसी का आज अन्तिम दिन।
- अयोध्या में आज पच्चीस लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर बनाया जायेगा विश्व कीर्तिमान।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल धनवंतरि जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस पर देश के सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी। इस आयु वर्ग के सभी बुजुर्ग अब आयुष्मान योजना के दायरे में आयेंगे और उन्हें पांच लाख रूपये तक का इलाज मुफ्त दिया जायेगा। इसके लिये बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड जारी किया जायेगा।

***अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के देश के हर बुजुर्ग को अस्पताल में मुफ्त इलाज मिलेगा। ऐसे बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड दिया जाएगा। और ये ऐसी योजना है जिसमें आय की कोई पाबंदी नहीं। गरीब हो, मध्यम वर्ग का परिवार हो। उच्च वर्ग का परिवार हो हर कोई इसका लाभार्थी बन सकता है।***

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर गोरखपुर एम्स सहित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के दूसरे चरण के उद्घाटन सहित बारह हजार आठ सौ पचास करोड़ रूपये की कई स्वास्थ्य योजनाओं का लोकार्पण–शिलान्यास भी किया।

प्रधानमंत्री ने रायबरेली एम्स समेत देश के 11 स्वास्थ्य संस्थानों में ड्रोन सेवाओं का वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ किया। साथ ही मेरठ ईएसआईसी अस्पताल की आधारशिला भी रखी। उन्होंने यू–विन पोर्टल की भी शुरुआत की।

एक अन्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने विभिन्न सरकारी विभागों व संगठनों में नौकरी पाने वाले इक्यावन हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं का कौशल प्रशिक्षण सरकार की प्राथमिकता हैं युवा कुशल और बुजुर्ग सेहतमंद होंगे तभी देश विकसित भारत की राह पर आगे बढ़ पायेगा। श्री मोदी ने कहा कि चुनाव के समय ही उन्होंने गारंटी दी थी कि तीसरे कार्यकाल में सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जायेगा। अब धनवंतरि जयंती पर ये गारंटी पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि यह ऐसी योजना है जिसमें गरीब से लेकर उच्च वर्ग तक के परिवार को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

***बीजेपी और एनडीए शासित राज्यों में भी लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। हरियाणा में तो 26 हजार युवाओं को नौकरी का उपहार मिला है। देश के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले, ये हमारा कमिटमेंट है।***

रोजगार मेले लखनऊ, वाराणसी, बरेली और गोरखपुर समेत देश के चालीस स्थानों पर आयोजित किये गये।

आयुर्वेद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेरठ से वुर्चअली शामिल हुए और स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देने के लिये प्रधानमंत्री का आभार जताया।

***एसआईसी के हॉस्पिटल के शिलान्यास आयुष्मान भारत की सुविधा 70 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक नागरिक के लिए प्रारंभ होने उत्तर प्रदेश के अंदर डी डी आर आई। और एम्स गोरखपुर को भी आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की परियोजना के साथ ही तमाम नए चिकित्सा संस्थान देश के अन्दर प्रारंभ करने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।***

कार्यक्रम में श्री योगी ने कहा कि आज हर जनपद में मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। ऐसे में मेरठ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में उभरा है।

**********

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर कल प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन हर नागरिक को स्वस्थ और एकजुट रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी और आज के भारत की अखंडता में सरदार पटेल का महान योगदान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रन फॉर यूनिटी का आयोजन न सिर्फ हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है बल्कि सरदार पटेल के एकजुट भारत के सपने को भी बल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ एकता की दौड़ है, बल्कि स्वस्थ रहने के संकल्प का प्रतीक भी है। इस मौके पर श्री योगी ने सभी को देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई।

***वह शपथ जो राष्ट्रीय एकता की होगी, अखंडता की होगी, आंतरिक सुरक्षा की होगी क्योंकि अगर देश की सुरक्षा पर कोई सेंध लगा रहा है, एक सजग नागरिक के रूप में हम मौन बने नहीं बैठ सकते। एक नागरिक कर्तव्य के रूप में हम सबका भी दायित्व बनता है। कि हम भी इस राष्ट्र रूपी यज्ञ में अपना योगदान दें।***

उधर, गोरखपुर के प्रभारी मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने नौकायन से शुरू हुयी रन फॉर यूनिटी दौड़ में शामिल होकर युवाओं का उत्साह बढ़ाया।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों के लिये आज नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन है। नामांकन पत्रों की जांच का कार्य कल पूरा हो गया। अब  चुनावी मैदान में जो उम्मीदवार बचे हैं, उनमें– मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट से बारह,  सीसामऊ विधानसभा सीट पर छह, कुंदरकी और गाजियाबाद सीट पर चौदह, मझंवान सीट पर तेरह, फूलपुर और कटेहरी सीट पर बारह, करहल पर सात और खैर विधानसभा सीट पर पांच प्रत्याशी के नामांकन पत्र जांच में सही पाये गये। वहीं उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग ने कल से मतदाता सूची दो हजार पच्चीस का पुनरीक्षण कार्य शुरू कर दिया है, जो अट्‌ठाइस नवम्बर तक चलेगा। जिन सीटों पर उप चुनाव चल रहे हैं वहां संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम स्थगित रहेगा। उधर, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े जिला निर्वाचन अधिकारियों सहित सभी अधिकारियों के स्थानांतरण पर छह जनवरी तक निर्वाचन आयोग ने रोक लगा दी है। जहां स्थानांतरण करना आवश्यक होगा वहां सरकार को आयोग से पूर्व अनुमति लेनी होगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ दो हजार पच्चीस के दौरान गंगा और यमुना नदी में गंदा पानी नहीं गिरने देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही तैयारियों से जुड़े सभी काम तीस नवम्बर तक पूरा कर लेने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में सूचना, स्वच्छता और सुरक्षा जैसी सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री कल केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के साथ प्रयागराज महाकुंभ, अयोध्या धाम विकास तथा नैमिषारण्य धाम में पर्यटन विकास की परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने हनुमान मंदिर कॉरिडोर, अक्षयवट पातालपुरी, सरस्वती कूप, भारद्वाज आश्रम, दशाश्वमेघ घाट और नागवासुकी मंदिर के पर्यटन विकास सम्बन्धी कार्य भी तीस नवम्बर तक पूरा कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

**********

अयोध्या में आज दीपोत्सव के तहत पच्चीस लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर विश्व रिकार्ड बनाने का प्रयास किया जायेगा। इसके लिये कल गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम ने अयोध्या पहुंचकर दीयों की गिनती शुरू कर दी। हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट–

***रामलला के दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद यह पहला दीपोत्सव है इसलिए इसे खास बनाने के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर  ली हैं। दीपोत्सव के शुभारंभ पर चार किमी. तक शोभायात्रा में कलाकारों के विभिन्न दल रामायण के विविध प्रसंगों का मंचन करेंगे। दीपोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल होंगे। इस बार लक्ष्मण किला घाट से नया घाट तक 1100 वेदाचार्यों के साथ सरयू आरती और 25 लाख से अधिक दीप जलाने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया जाएगा। वहीं पूरे अयोध्या में करीब 35 लाख से अधिक दीये जलाए जाएंगे। दीपोत्सव को खास बनाने के लिए लाखों दीपों के मध्य अवरिल सरयू धारा, राम की पैड़ी पर पानी के बीचो बीच भव्य स्टेज पर कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे। साथ ही म्यूजिकल लेजर और ड्रोन शो भी आयोजित होगा।  तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।***

**********

धनतेरस पर कल तीन सौ चौवन दिन बाद काशी स्थित मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिये खुल गये। पांच दिवसीय उत्सव के पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां अन्नपूर्णा के दर्शन किये। चौबीस घंटे पहले से ही श्रद्धालुओं की लम्बी कतार मंदिर के बाहर लग गयी थी।

**********